# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

21 अगस्त 2023, सोमवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा स्व. कल्याण सिंह जी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में आयोजित 'हिंदू गौरव दिवस' के शुभारंभ अवसर पर दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**मैं देश के करोड़ों लोगों की ओर से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पिछड़े वर्ग के लिए कल्याण हेतु काम की शुरुआत करने वाले बाबू कल्याण सिंह जी को विनम्र श्रद्धांजलि देता हूँ।**

*****************

**बाबू जी में वैचारिक कर्मठता, प्रशासनिक कुशलता, संगठन की दक्षता तो थी ही, साथ ही वे पिछड़ों एवं गरीबों के प्रति अति संवेदनशीलता के भी प्रतीक थे।**

*****************

**बाबू जी ने मुख्यमंत्री के रूप में तीन चीजों पर विशेष ध्यान दिया था। उन्होंने श्रीरामजन्मभूमि कार्यक्रम को गति दी, गरीब कल्याण को लेकर पार्टी के विचारों को जमीन पर उतारा तथा बगैर सामाजिक सद्भाव बिगाड़े, बगैर जातिवाद को उकसाये, पिछड़े समाज के लोगों के कल्याण के लिए कार्य किया। आज इन तीनों चीजों को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आगे लेकर चल रहे हैं।**

*****************

**आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने एक ओर गरीब कल्याण का यज्ञ चलाया, वहीं दूसरी ओर पिछड़ा समाज को भी आगे बढ़ाया और तीसरी ओर अयोध्या में प्रभु श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कराया जबकि कांग्रेस श्रीरामजन्मभूमि मंदिर निर्माण को अटका रही थी, लटका रही थी और भटका रही थी।**

*****************

**जिस दिन मोदी जी ने श्री राम मंदिर का शिलान्यास किया था, उस दिन मेरी बात बाबूजी से हुई थी और उन्होंने कहा था कि मेरे जीवन का लक्ष्य पूरा हो गया है और मेरा जीवन आज धन्य हो गया है।**

*****************

**मोदी सरकार की योजनाओं का सबसे अधिक लाभ गरीबों और पिछड़े लोगों को मिला है। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मिला, NEET परीक्षा में ओबीसी और गरीबों को रिजर्वेशन दिया गया। नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूलों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। ओबीसी समुदाय से आने वाले उद्योगपतियों के लिए कैपिटल वेंचर फंड की स्थापना की गई।**

*****************

**हर व्यक्ति के जीवन में कुछ ऐसे पल आते हैं जो उसका परिचय करा देते हैं। प्रभु श्रीराम के भक्तों का सैलाब अयोध्या में उबल पड़ा। सब लोगों ने दबाव बनाया कि गोलियां चलाकर कारसेवकों को रोका जाए लेकिन बाबू जी ने निर्णय लिया कि मैं कारसेवकों पर गोलियां नहीं चलवाऊंगा भले ही मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़े।**

*****************

**बाबू जी ने इस निर्णय से बहुत बड़ा संदेश दिया। आज हम सबको आनंद है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2024 की शुरुआत में ही रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो जायगा। इससे दुनिया भर के लोगों में और श्रद्धालुओं में एक संतोष और गौरव का भाव आएगा।**

*****************

**मैं जब उत्तर प्रदेश के प्रभारी के नाते आया था, तब मुझे उत्तर प्रदेश की बहुत अधिक जानकारी नहीं थी लेकिन बाबूजी ने लागातार 11 घंटें तक बैठकर मुझे उत्तर प्रदेश के हर जनपद के बारे में अवगत कराया था। 2013 से हर दिन सुबह और शाम को फोन करके वे मेरा मार्गदर्शन करते रहे।**

*****************

**बाबू जी ने जो मेरा मार्गदर्शन किया, इससे आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 2014 के लोक सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से 73 पर भाजपा की विजय हुई और एक रिकॉर्ड बना।**

*****************

**आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में 73 सीटों का रिकार्ड तोड़कर 80 की 80 सीटें भारतीय जनता पार्टी को देकर नया रिकॉर्ड बनाइये, श्रद्धेय बाबू जी को इससे बड़ी श्रद्धांजलि और कुछ नहीं हो सकती।**

*****************

**उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाइये और आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को पुनः प्रचंड बहुमत से देश के प्रधानमंत्री पद पर सुशोभित कीजिये। पूरे भारत को संदेश दीजिये कि उत्तर प्रदेश, भारतीय जनता पार्टी का अभेद्य गढ़ है। यहाँ भाजपा को कोई पराजित नहीं कर सकता।**

*****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज सोमवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान के पूर्व राजयपाल एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय कल्याण सिंह जी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर नुमाइश मैदान, अलीगढ़ में 'हिंदू गौरव दिवस' का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया, उत्तर प्रदेश के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौधरी, यूपी के पूर्व उप-मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक एवं श्री केशव प्रसाद मौर्य, सांसद श्री राजवीर सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि **मैं यहां भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पिछड़े वर्ग के लिए कल्याण हेतु काम की शुरुआत करने वाले बाबू कल्याण सिंह जी को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देने आया हूँ। देश के करोड़ों लोगों की ओर से बाबू जी को मैं आज भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ एवं उनकी पुण्यस्मृति को नमन करता हूँ। बाबू जी में वैचारिक कर्मठता, प्रशासनिक कुशलता, संगठन की दक्षता तो थी ही, साथ ही वे पिछड़ों एवं गरीबों के प्रति अति संवेदनशीलता के भी प्रतीक थे। जिस दिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का शिलान्यास किया था, तब वे कोरोना के कारण अस्पताल में थे। मैंने जब उन्हें फोन किया, तब बाबू जी ने कहा था कि उनका जीवन धन्य हो गया।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **जब बाबू जी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने तीन चीजों पर विशेष ध्यान दिया था। उन्होंने सबसे पहले श्रीरामजन्मभूमि कार्यक्रम को गति दी। दूसरा, उन्होंने गरीब कल्याण को लेकर भारतीय जनता पार्टी के विचारों को जमीन पर उतारा गया। तीसरा, बगैर सामाजिक सद्भाव बिगाड़े, बगैर जातिवाद को उकसाये, करोड़ों-करोड़ों पिछड़े समाज के लोगों का कल्याण करने का काम उन्होंने किया। आज इन तीनों चीजों को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आगे लेकर चल रहे हैं।** गरीब कल्याण के क्षेत्र में करोड़ों गरीब के घरों में गैस कनेक्शन पहुंचा, करोड़ों घरों में बिजली पहुंची, शौचालयों का निर्माण हुआ, नल से पीने का पानी पहुंचा, स्वास्थ्य की सुविधाएं पहुंची और सभी गरीबों को पांच किलो अनाज और ढेर सारी सुविधाएं देखर गरीब कल्याण के लक्ष्य को लेकर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने काम किया है।

श्री शाह ने कहा कि **बाबू जी ने कभी भी जातिवाद की बात नहीं की लेकिन उन्होंने पिछड़े वर्ग को सशक्त करने का कार्य किया। श्री नरेन्द्र मोदी सरकार में योजनाओं का सबसे अधिक लाभ गरीबों और पिछड़े लोगों को मिला है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। NEET की परीक्षा में ओबीसी और गरीबों को रिजर्वेशन दिया गया। नवोदय विद्यालय और सैनिक स्कूलों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। ओबीसी समुदाय से आने वाले उद्योगपतियों के लिए कैपिटल वेंचर फंड की स्थापना की गई।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि बाबू जी पिछड़ा वर्ग समाज के कल्याण की शुरुआत करके गए थे, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पिछले 9 वर्षों में पिछड़ा समाज के लोगों को सशक्त करने के लिए ढेर सारे काम किये हैं। **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने एक ओर गरीब कल्याण का यज्ञ चलाया, वहीं दूसरी ओर पिछड़ा समाज को भी आगे बढ़ाया और तीसरी ओर अयोध्या में प्रभु श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कराया। कांग्रेस पार्टी श्रीरामजन्मभूमि मंदिर निर्माण को अटका रही थी, लटका रही थी और भटका रही थी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आते ही इस दिशा में ठोस कार्य किये और श्रीराम मंदिर का भूमिपूजन किया।**

श्री शाह ने कहा कि **हर व्यक्ति के जीवन में कुछ ऐसे पल आते हैं जो उसका परिचय करा देते हैं। बाबू जी के जीवन में भी ऐसा पल आया। प्रभु श्रीराम के भक्तों का सैलाब अयोध्या में उबल पड़ा। सब लोगों ने दबाव बनाया कि गोलियां चलाकर कारसेवकों को रोका जाए लेकिन बाबू जी ने निर्णय लिया कि मैं कारसेवकों पर गोलियां नहीं चलवाऊंगा भले ही मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़े। उन्होंने इस निर्णय से बहुत बड़ा संदेश दिया। आज हम सबको आनंद है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2024 की शुरुआत में ही रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो जायगा। इससे दुनिया भर के लोगों में और श्रद्धालुओं में एक संतोष और गौरव का भाव आएगा।** आदरणीय प्रधानमंत्री जी गरीब कल्याण एवं पिछड़ों के कल्याण के साथ-साथ प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण को पूरा कर रहे हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज बाबू जी के स्मृति दिवस के अवसर पर कहना चाहता हूं कि **मैं जब उत्तर प्रदेश के प्रभारी के नाते आया था, तब मुझे उत्तर प्रदेश की बहुत अधिक जानकारी नहीं थी लेकिन बाबूजी ने लागातार 11 घंटें तक बैठकर मुझे उत्तर प्रदेश के हर जनपद के बारे में अवगत कराया था। 2013 से हर दिन सुबह और शाम को फोन करके वे मेरा मार्गदर्शन करते रहे। इसका सुखद परिणाम यह आया कि आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 2014 के लोक सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से 73 पर भाजपा की विजय हुई और एक रिकॉर्ड बना। आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में 73 सीटों का रिकार्ड तोड़कर 80 की 80 सीटें भारतीय जनता पार्टी को देकर नया रिकॉर्ड बनाइये, श्रद्धेय बाबू जी को इससे बड़ी श्रद्धांजलि और कुछ नहीं हो सकती। उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाइये और आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को पुनः प्रचंड बहुमत से देश के प्रधानमंत्री पद पर सुशोभित कीजिये। पूरे भारत को संदेश दीजिये कि उत्तर प्रदेश, भारतीय जनता पार्टी का अभेद्य गढ़ है। यहाँ भाजपा को कोई पराजित नहीं कर सकता।**

****************